M.A. (Hindi)(with Credits)-Regular-Semester 2012 Sem IV

# MAHIN243-3 - Vishesh Adhyayan- Munshi Premchand Paper - III

## (मुंशी प्रेमचंद - विशेष अध्ययन)

P. Pages : 3 | **GUG/W/16/5086**

Time : Three Hours | Max. Marks : 80

---

सूचना :- सभी प्रश्न अनिवार्य है।

**1.** निम्नलिखित अवतरणों में से **किन्ही तीन** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **30**

क) वसन्त के समीर और ग्रीष्म की लू में कितना अन्तर है। एक सुखद और प्राणपोषक दूसरी अग्निमय और विनाशिनी। प्रेम वसन्त - समीर है, द्वेष ग्रीष्म की लू । जिस पुष्प को वसन्त समीर महीनों में खिलाती है, उसे लू का एक झोंका जलाकर राख कर देता है।

ख) मै उन बहू - बेटियों में नहीं हूँ । मेरा जिस वक्त जी चाहेगा जाऊँगी, जिस वक्त जी चाहेगा आऊँगी। मुझे किसी का डर नहीं है। जब वहाँ मेरी कोई बात नहीं पूछता, तो मै भी किसी को अपना नहीं समझती। सारे दिन अनाथों की तरह पड़ी रहती हूँ। कोई झाँकता तक नहीं। मै चिड़िया नहीं हूँ, जिसका पिंजड़ा दाना - पानी रखकर बन्द कर दिया जाय। मै भी आदमी हूँ । अब इस घर में मै क्षण-भर न रुकूँगी। अगर कोई मुझे भेजने न जायगा, तो अकेली चली जाऊँगी।

ग) आपके आने से मै कृतार्थ हो गई । आपकी भक्ति, आपका प्रेम, आपकी कार्यकुशलता, किस - किसकी बढ़ाई करूं। आप वास्तव में स्त्री समाज का शृंगार हैं। मैं तो अपने को आपकी दासी समझती हूँ। जब तक जीऊँगी, आप लोगों का यश मानती रहूँगी। मेरी बाँह पकड़ी और मुझे डूबने से बचा लिया। परमात्मा आप लोगों का सदैव कल्याण करें।

घ) जीवन और मृत्यु का ऐसा संघर्ष किसने देखा होगा । दोनों तरफ के आदमी किनारे पर, एक तनाव की दशा में हृदय को दबाये खड़े थे। जब किश्ती करवट लेती, तो लोगों के दिल उछल - उछलकर ओंठो तक आ जाते। रस्सियाँ फेंकने की कोशिश की जाती, पर रस्सी बीच ही में गिर पड़ती थी। एकाएक एक बार किश्ती उलट ही गयी। सभी प्राणी लहरों में समा गये। एक क्षण कई स्त्री पुरुष डूबते - उतराते दिखाये दिये, फिर निगाहों से ओझल हो गये। केवल एक उजली सी चीज किनारे की ओर चली आ रही थी।

ङ) ''अगर प्रेम खूंखार शेर है, तो मै उससे दूर ही रहूँगी। मैने तो उसे गाय ही समझ रखा था। मै प्रेम को संदेह से ऊपर समझती हूँ। वह देह की वस्तु नहीं, आत्मा की वस्तु है। सन्देह का वहाँ जरा भी स्थान नहीं और हिंसा तो सन्देश का ही परिणाम है। वह संपूर्ण आत्मसमर्पण है। उसके मंदिर में तुम परीक्षक बनकर नहीं, उपासक बनकर ही वरदान पा सकते है।''

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर लिखिए। **10**

अ) ''प्रेमचंद के उपन्यास शिल्प का 'गबन' एक उत्कृष्ट निदर्शन है।'' समीक्षा कीजिए।

**अथवा**

आ) जालपा के चरित्र पर इस दृष्टि से विचार कीजिए कि वह आधुनिक युग में उभरते हुए नारीत्व का प्रतीक है।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर लिखिए। **10**

अ) 'रंगभूमि' तत्कालीन भारतीय समाज का यथार्थ चित्र प्रस्तुत करता है।'' इस कथन की समीक्षा करते हुए बताइये कि इसमें देशकाल एवं वातावरण चित्रण कैसा हुआ है?

**अथवा**

आ) ''प्रेमचंद आदर्शोन्मुखी यथार्थवादी उपन्यासकार है।'' इस कथन की विवेचना 'रंगभूमी' के संदर्भ में कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर लिखिए। **10**

अ) ''क्या सुमन का चरित्र 'काम' एवं 'निष्काम' कर्म की व्याख्या है?'' इस सम्बन्ध में अपने विचार प्रकट कीजिए।

**अथवा**

आ) ''सेवासदन'' एक विशेष उद्‌देश्य से लिखा गया उपन्यास है।'' इस कथन की समीक्षा कीजिए।

**5.** अ) निम्नलिखित लघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **10**

1) अल्का सरावगी का जीवन - परिचय लिखकर उनकी साहित्यिक कृतियों के नाम लिखिए।

2) वृन्दावनलाल वर्मा का नाटक विधा में योगदान पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

3) नागार्जुन प्रगतिशीलता एवं नवनिर्माण के प्रबल समर्थक हैं। सिद्‌ध कीजिए।

4) कमलेश्वरजी का संक्षिप्त जीवन परिचय दीजिए।

5) भीष्म सहानी का संक्षिप्त जीवन परिचय लिखिए। उनकी रचनाओं का नाम लिखिए।

ब) निम्नलिखित निर्देशों या विकल्पों के आधार पर वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है। **10**

1) सेवासदन की प्रमुख आधारभूत समस्या है :
   1) निम्नवर्ग 2) वेश्या समस्या
   3) कृषक समस्या 4) आर्थिक समस्या

2) गांधीवादी विचारधारा के व्यावहारिक पक्ष के साथ औद्योगिक संस्कृति के दुर्गुणों का प्रतिफलन हुआ है।
   1) सेवासदन में 2) रंगभूमि में
   3) कर्मभूमि 4) निर्मला में

3) आभूषण प्रियता से उत्पन्न आर्थिक संकट किस उपन्यास में है?
   1) गोदान 2) गबन
   3) कर्मभूमि 4) निर्मला

4) सूरदास किस उपन्यास का पात्र है?
   1) गोदान 2) रंगभूमि
   3) कर्मभूमि 4) सेवासदन

munotes.in

5) जालपा किस उपन्यास की नायिका है?

1) गबन 2) कायाकल्प
3) निर्मला 4) सेवासदन

6) प्रेमचंद के व्यक्तित्व पर किसका प्रभाव था?

1) पंडित नेहरू 2) डॉ. अम्बेडकर
3) महात्मा गांधी 4) वल्लभभाई पटेल

7) प्रेमचंद का प्रथम उपन्यास किसे माना जाता है?

1) गोदान 2) रंगभूमि
3) सेवासदन 4) गबन

8) बलचनमा उपन्यास के रचयिता हैं।

1) रामकुमार वर्मा 2) नागार्जुन
3) प्रेमचंद 4) भिष्म साहनी

9) वृन्दावनलाल वर्मा का उपन्यास कचनार लिखा गया।

1) 1947 2) 1948
3) 1949 4) 1946

10) कितने पाकिस्तान उपन्यास के रचनाकार हैं।

1) नागार्जुन 2) कमलेश्वर
3) भिष्म साहनी 4) वृन्दावनलाल वर्मा

*************

munotes.in

munotes.in